E-Mail:- artscollegealwar@gmail.com
www.hte.rajasthan.gov.in/college/gcaalwar/

राजस्थान सरकार
शिक्षा-विभाग

Phone: 0144-2732
Fax : 0144-27323

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

कार्यालय प्राचार्य, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर (राज.)

क्रमांकः-रा.क.म./

दिनांकः- 20/02/2020

534

संपादक महोदय,
राजस्थान पत्रिका।
अलवर।

प्रेस नोट

बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर में आज दिनांक 20.02.2020 को हिन्दी विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी. एवं स्काउट के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मातृभाषा दिवस अति उल्लास पूर्वक बनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम का अयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात माँ सरस्वती वन्दना के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की। इसके साथ ही कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अन्तर्गत राजस्थान व असम की एकता का प्रतीक बीहू नृत्य प्रदर्शित किया गया। मुख्य वक्ता हिन्दी के एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. जय शंकर शाही ने विश्व मातृभाषा पर अपने सार गर्भित एवं उद्बोधक विचार प्रस्तुत किये। एन.एस.एस. जिला पुरूस्कार से सम्मानित कु. भावना जैमन ने राजस्थानी भाषा में ओजस्वी कविता का पाठन किया। एन.सी.सी. प्रभारी डॉ. स्नेह साईवाल ने भी मातृ भाषा पर अपने विचार व्यक्त किए। एन.एस.एस. की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज मीणा ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचारों से स्वयंसेवकों को संबोधित किया एवं आसाम व राजस्थान की संस्कृति के बारे में बताया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. स्मिता मिश्रा ने की। मंच संचालन डॉ. सत्यवान आर्य ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सियाराम मीणा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. शुक्ला, डॉ. फूलसिंह सहरिया, डॉ. मीना गौतम, डॉ. रेखा यादव आदि उपस्थित थे साथ ही एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र चौधरी, श्री राजकुमार मीणा, व स्वयंसेवका रिचिका, हितेश, श्वेता, ऋषभ, रोहित आदि सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।

स्मिता मिश्रा
प्राचार्य